# आईटीएम का 5वां मेगा रक्तदान शिविर आयोजित

## छात्र, युवा, फैकल्टी और स्टाफ ने किया 111 यूनिट रक्तदान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03 मई।** आईटीएम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आईटीएम हॉस्पिटल और जयारोग्य हॉस्पिटल के ब्लड बैंड के संयुक्त सहयोग से सिथौली स्थित आईटीएम हॉस्पिटल में 5वां मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अनु बेनीवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हरीशंकर सिंह कंसाना (संभागीय समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ग्वालियर चंबल संभाग एवं समन्वयक जीवाजी विश्वविद्यालय) शामिल हुए। इस अवसर पर शिविर का संचालन आईटीएम के रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार वर्मा ने किया। वहीं संयोजन डीएसडब्ल्यू नितिन दीक्षित, डीन प्रशासन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं आईटीएम हॉस्पिटल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्लड बैंक की ओर से अजय तिवारी सहित वरिष्ठ डॉक्टरों, नर्सों एवं स्टाफ ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। वहीं एनएसएस की स्टूडेंट्स कोर टीम का नेतृत्व तनीष्क गोयल एवं उनकी टीम ने किया। टीम सदस्य डॉ. अर्चना तोमर, ब्रजेंद्र रजक, सीपी भार्गव, हर्षित सिन्हा, रोबिन सिंह चौहान आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अनु बेनीवाल ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. हरीशंकर सिंह कंसाना ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति सकारात्मक सोच और सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिए युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। यहां भीषण गर्मी के बावजूद छात्र-छात्राओं, युवाओं, फैकल्टीज और स्टाफने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर मानवता की सेवा और जीवन संरक्षण के लिए रक्तदान किया। इस शिविर के दौरान 111 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो समाजसेवा के प्रति आईटीएम परिवार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शिविर के दौरान संग्रहित किया गया रक्त जरूरतमंदों को जीवन रक्षार्थ प्रदान किया जायेगा। यह आयोजन न केवल जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा, बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी एवं सेवा भावना को भी सुदृढ़ करेगा।



# रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट की जी .ओ .वी . हुई

## प्रान्तपाल रोटेरियन डॉ . निशा सिंह शेखावत ग्वालियर पधारीं

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03 मई।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के अंतर्गत प्रतिवर्ष सत्र के आखिर में प्रान्तपाल द्वारा डिस्ट्रिक्ट के प्रत्येक क्लब की विजिट की जाती है जिसे जीओवी के नाम से जाना जाता है, इसी तारतम्य में डिस्ट्रिक्ट 3053 प्रान्तपाल रोटेरियन डॉ निशा सिंह शेखावत रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट में पधारी, जीओवी कार्यक्रम होटल रॉयल क्लास में आयोजित किया गया ।

जहां क्लब के सदस्यो ने प्रान्तपाल के साथ साथ रोटेरियन नरेश भाटिया एवं रोटेरियन मीना भाटिया का स्वागत सत्कार किया।

रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट के सदस्यों द्वारा इस अवसर पर प्रान्तपाल के समक्ष बर्षभर में रोटरी के द्वारा किये गए समाजसेवा एवं मानवसेवा के कार्यो से अवगत कराया । इस अवसर पर रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट से जीएसआर रोटेरियन डॉ धीरेन्द्र सिंह चौहान, अध्यक्ष पंकज मित्तल, सचिव शशि चांदिल, मनीष दीक्षित, अजीत परमार, अभय सेंगर, दीप शर्मा एवं डॉ गजेंद्र सिंह कुशवाह आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

# रात्रि गश्त के दौरान बाइक सवार ने सिपाही को मारा चांटा

## बुलेट चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03 मई।** बस स्टैंड के पास रात्रि के समय दो पहिया वाहनों की चेकिंग कर रहे डायल-112 में पदस्थ आरक्षक के साथ बुलेट चालक ने अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। इससे पहले बुलेट चालक वहां मौजूद पुलिस कर्मियों को अपना रसूख बताते हुए धमकाता रहा, लेकिन किसी ने उसे पकड़ने की कोशिश नहीं की। मारपीट के बाद बुलेट चालक मौके से भाग गया। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पड़ाव थाना क्षेत्र के बस स्टैंड की है। पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर गाड़ी नम्बर के आधार पर चालक के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। भारत सिंह 33 वर्ष पुत्र कल्याण सिंह पुलिस लाइन में रहता है और वर्तमान में पड़ाव थाने में पदस्थ है। भारत सिंह की ड्यूटी डायल-112 में है। शनिवार की रात 1:30 बजे पड़ाव थाने के एएसआई श्यामवीर सिंह सिकरवार ने वायरलेस सेट के जरिए डायल-112 को बस स्टैंड पर बुलाया और बताया कि एडीओपी बेहट ने निर्देश दिए हैं कि एक घंटे तक वाहन चेकिंग करनी है। बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने चेकिंग प्वाइंट लगाया गया और वाहनों की चेकिंग की जाने लगी। चेकिंग शुरु ही की थी कि तभी वहां बुलेट मोटरसाइकिल नम्बर एमपी 07 जेडयू-3999 से आया और एएसआई श्यामवीर सिंह से उनका नाम पूछने लगा और कहने लगा कि तुम्हें चेकिंग का क्या अधिकार है? एएसआई से इस तरह बात करने पर आरक्षक भारत सिंह वहां पहुंचा और बोला कि किस तरीके से बात कर रहे हो। बुलेट चालक बोला तुम लोग मुझे जानते नहीं हो मुझे गौरव दुबे कहते हैं और बीच में मत बोलो नहीं तो जान से मार दूंगा। अपन आप को गौरव दुबे कहने वाला वहां से पीछे की तरफ मुड़ा और अचानक से आकर आरक्षक भारत सिंह में चांटा मारकर भाग गया। बुलेट चालक से चांटा खाने वाले आरक्षक भारत सिंह ने पड़ाव थाने में रिपोर्ट लिखाई है। रिपोर्ट में लिखाया है कि लोगों के सामने एक बुलेट चालक ने चांटा मार दिया, इससे मैं बहुत व्यथित हूं। इस तरह कैसे ड्यूटी कर पाऊंगा।

### पुलिस ने किया पीछा पर गायब हो गया

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस आरक्षक को चांटा मारने का मैसेज सेट पर चला और तुरंत कंट्रोल रूम से उसका पीछा करने के निर्देश दिए। पुलिस ने उसका पीछा भी किया लेकिन बुलेट चालक और अपने आप को गौरव दुबे कहने वाला रात के अंधेरे में गायब हो गया।

गौरव दुबे चेतकपुरी में मकान नम्बर जे-22 में रहता है। उसके घर पर रात में ही दबिश दी थी, लेकिन वह मोबाइल बंद करके फरार है और बुलेट गाड़ी भी ले गया है। उसकी तलाश में लगातार सर्चिंग जारी है, जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।
**शैलेन्द्र भार्गव, टीआई, पड़ाव**

# कांग्रेस का किसान आंदोलन को लेकर 7 मई को चक्का जाम का ऐलान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03 मई।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेश के अन्नदाता किसानों की मांगों, हक और हितों की रक्षा के लिए प्रदेशभर में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत ग्वालियर महानगर में आंदोलन की रूपरेखा, रणनीति तैयार करने के लिए कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी परं ग्वालियर जिला कांग्रेस प्रभारी पी.सी. शर्मा व ग्रामीण जिला कांग्रेस प्रभारी घनश्याम सिंह के मुख्यातिथ्य तथा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव व ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे की अध्यक्षता में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में किसानों की ज्वलंत समस्याओं विशेष रूप से एम.एस.पी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का संचालन संगठन महासचिव इब्राहिम पठान ने किया। बैठक के प्रारंभ में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने बैठक के मुख्य अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया एवं मुख्य अतिथियों ने कांग्रेस भवन में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमांओ पर माल्यार्पणकर उन्हें नमन किया, तदपश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ग्वालियर को मप्र में ए ग्रेड प्राप्त होने पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने ताली बजाकर अभिनंदन किया। बैठक के अंत में विगत दिनों जबलपुर के बरगी डैम में हुए हादसे में मृत हुई दिवंगत आत्मांओ की शांति के लिए सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

बैठक को संबोधित करते हुए मप्र शासन के पूर्व मंत्री ग्वालियर प्रभारी पी.सी. शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के शासनकाल में किसान सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और केवल बड़े उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। कांग्रेस पार्टी किसानों के हक और सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

ग्रामीण जिला कांग्रेस प्रभारी घनश्याम सिंह ने कहा कि एमएसपी की गारंटी, सस्ती बिजली, बेहतर सिंचाई व्यवस्था और कर्जमाफी जैसे मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर इस आंदोलन को मजबूत बनाएं और अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करें। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी न होने के कारण किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। इसके साथ ही खाद, बीज, डीजल और अन्य कृषि संसाधनों की बढ़ती लागत ने किसानों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। कांग्रेस पार्टी ने आगामी आंदोलन की विस्तृत रणनीति तैयार करते हुए निर्णय लिया गया कि किसानो भाईयो के हक के लिए 7 मई को शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में चक्का जाम कर आंदोलन को और अधिक प्रभावी एवं निर्णायक बनाया जाएगा।

बैठक में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, विधायक सहाब सिंह गुर्जर, प्रदेश महासचिव प्रवीण पाठक, सुनील शर्मा, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, राहुल शर्मा, संजय सिंह राठौर, ग्रामीण संगठन महासचिव जितेन्द्र सिंह गुर्जर, राम पांडे, अरूण केन, राजकुमार शर्मा, जेएच जाफरी, वीर सिंह तौमर, उदल सिह यादव, चतुर्भुज धनोलिया, मीनू परिहार, हरेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र चतुर्वेदी, मेहबूब भाईचेनवाले, गजराज सिंह राावत, रामनरेश परमार, राजीव शर्मा, इरफान खान, महेश मधुरिया, रामबाबू श्रीवास, देशराज भार्गव, चेन सिंह राजपूत, ज्योति सिंह, माधवी नरवरिया, रचना कुशवाह, मनोरमा चौहान, संजना राजावत, वीणा भारद्वाज, दिलीप सिंह सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मलित थे।

# फ्री रनवे मॉडलिंग वर्कशॉप से निखरी प्रतिभाएं



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 मई ।** शहर में ग्लैमर और क्रिएटिव इंडस्ट्री को नई दिशा देने के उद्देश्य से क्यूब फिल्म स्कूल द्वारा कला वीथिका, पड़ाव में आयोजित 2 दिवसीय फ्री रनवे मॉडलिंग वर्कशॉप का समापन हुआ। इस आयोजन में बच्चों, युवाओं और वयस्कों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वर्कशॉप के दौरान प्रोफेशनल ट्रेनर अंकित मिश्रा एवं प्रदीप पाण्डेय ने प्रतिभागियों को रनवे मॉडलिंग की बारीकियों से रूबरू कराया। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक करने की तकनीक, विभिन्न प्रकार की वॉक, प्रभावी बॉडी लैंग्वेज, पोजिंग स्टाइल, टीमवर्क और पर्सनालिटी डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। लाइव प्रैक्टिकल सेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को सीखने का अवसर मिला, जिससे उनके आत्मविश्वास में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई।

अकादमी के प्रदीप पाण्डेय ने बताया कि क्यूब फिल्म स्कूल का उद्देश्य ग्वालियर में फैशन, फिल्म और ग्लैमर इंडस्ट्री को नई पहचान दिलाना है। यह पहल केवल मॉडलिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को क्रिएटिव क्षेत्र में करियर बनाने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करती है। इसी क्रम में संस्थान द्वारा ग्रीष्मकालीन विशेष पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं, जिनमें फैशन डिजाइनिंग, फोटो-वीडियो प्रोडक्शन, एडिटिंग, रील मेकिंग और स्टोरी राइटिंग जैसे आधुनिक कौशल सिखाए जाएंगे। इन कोर्सेस का लक्ष्य स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोफेशनल स्तर तक तैयार कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना है।

# अधीक्षक डॉ . सक्सैना ने न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी का किया औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई।** जयारोग्य अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुधीर सक्सैना ने अपनी टीम के साथ न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी विभाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभाग की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। डॉ. सक्सैना ने संबंधित अधिकारियों एवं स्टाफ को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा साफ-सफाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उपचार व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## डॉ . जाकिर हुसैन की 57वीं पुण्यतिथि पर सुन्नी मोमिन परिषद ने दी श्रद्धांजलि

**ग्वालियर ।** बिरलानगर हजीरा स्थित अखिल भारतीय राष्ट्रीय सुन्नी मोमिन परिषद के कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति मरहूम डॉ. जाकिर हुसैन की 57वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। परिषद के अध्यक्ष एम.एम. अंसारी ने डॉ. हुसैन को याद करते हुए कहा कि वे हमारी राष्ट्रीय संस्कृति और विश्व सभ्यता के सर्वोत्कृष्ट प्रतीक थे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके आदर्शों को अपनाएं ताकि भारत विश्व में सौहार्द स्थापित करने में अग्रणी बन सके।


### नाम संशोधन सूचना

मैं **Dakshita Goswami W/o Puneet Totlani** शपथ करती हूं कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज- 10वीं की अंकसूची में मेरे नाम की स्पेलिंग **Dakshita Gosiwami** दर्ज है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों- आधार कार्ड, पैनकार्ड आदि में मेरे नाम की स्पेलिंग **Dakshita Goswami** दर्ज है जोकि सही है। अत: वर्तमान में भी मैं अपने नाम की स्पेलिंग **Dakshita Goswami** का ही लेख करती हूं। अत: मेरे नाम की सही स्पेलिंग **Dakshita Goswami** मेरे पासपोर्ट में दर्ज कर मान्य की जावे। अत: सूचित हों।

**सूचनाकर्ता-** Dakshita Goswami
W/o Puneet Totlani
Add. 15, Sambhji vilas colony No.w, Gadge ki Goth, Lashkar Gwalior (M.P.)- 474001 Mo. 6263863301

### ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- प्रथम तल, डी-2, बसंत विहार, ग्वालियर, म.प्र.-474002 में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था। आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट: www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

| देनदार/सहदेनदार/गारंटर का नाम | डिमांड नोटिस की तिथि व राशि | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण | भौतिक कब्जा तिथि | रिजर्व मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| श्री जीतू नामदेव<br>श्री राजू नामदेव<br>श्रीमती सरोज नामदेव | 16-9-2024<br>रु. 1717897/- (रु. सत्रह लाख सत्रह हजार आठ सौ सन्तानवे मात्र) | संपत्ति का वह भाग, जिसका सर्वेक्षण क्रमांक 2396/1, नगर क्रमांक 1319, वार्ड क्रमांक 26, त्यागी नगर, काशीपुरा, ग्राम मोरार, ग्वालियर, मध्य प्रदेश - 474006 है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): | 24-4-2026<br>कुल बकाया राशि 8-4-2026 को रु. | रु. 2151000/-<br>(रु. इक्कीस लाख इक्यावन हजार मात्र) |
| (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10313922) | बिड वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/-<br>(रु. पच्चीस हजार मात्र) | संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 550.00, 1100.00, 990.00 | 2150254/- (रु. इक्कीस लाख पचास हजार दो सौ चौवन्न मात्र) | बयाना जमा राशि (ईएमडी)<br>रु. 215100/- (रु. दो लाख पन्द्रह हजार एक सौ मात्र) |

| प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक | ईएमडी की अंतिम दिनांक | ई-नीलामी दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 5/6/2026 11.00-14.00 बजे | 8/6/2026 के 5.00 बजे तक | 10/6/2026 11.00 से 13.00 बजे |

**भुगतान का तरीका-** ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है। भुगतान करने के लिए आपको https-//www.ifionehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **नोट-** प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे है जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते है। **शेष भुगतान के लिए -** https-//www.iiflonehome.com >मेरी बोली >शेष राशि का भुगतान करें पर लॉग इन करें।

**नियम एवं शर्तें:-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www. iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा। यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें।
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी: care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर: @1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते है।
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें: care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त सामान इकट्ठा करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी तथा संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तिथि से पहले ऊपर उल्लिखित राशि के साथ-साथ अद्यतित ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया है तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा।
स्थान- ग्वालियर, दिनांक- 4-5-2026
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


# जनगणना के प्रथम चरण में कार्य तेजी से

## हरिशंकरपुरम में नागरिकों का उत्साह देखने को मिला



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई।** हरिशंकरपुरम के जोन 13 वार्ड 58 में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य निर्धारित समय से पहले ही तेज़ी के साथ आगे बढ़ रहा है। शासन के निर्देशानुसार हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में भवन क्रमांकन और सूचीकरण का कार्य पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ किया जा रहा है।

प्रगणक मृदुला गुप्ता, बरखा वर्मा, नेहा राजपूत एवं मीना चंदेल द्वारा अपनी-अपनी एचएलबी में भवन नंबरिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। टीम ने सुबह से शाम तक क्षेत्र में भ्रमण कर प्रत्येक भवन का विवरण सावधानीपूर्वक दर्ज किया। किट प्राप्त करने और एचएलओ ऐप डाउनलोड करने के बाद अब नजरी नक्शा तैयार करने का कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है तथा शीघ्र ही जनगणना की पहली एंट्री की जाएगी।

सुपरवाइजर द्वारा निरंतर क्षेत्र का भ्रमण कर प्रत्येक एचएलबी का निरीक्षण किया जा रहा है। वे न केवल कार्य की निगरानी कर रहे हैं, बल्कि प्रगणकों को आवश्यक मार्गदर्शन, सामग्री, नक्शा बनाने हेतु बड़ी शीट एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहे हैं। किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा रहा है, जिससे कार्य में निरंतर गति बनी हुई है।

जनगणना उपायुक्त श्री प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा भी पल-पल की मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी बनी हुई है। प्रशासन की ओर से समय पर किट, ड्यूटी ऑर्डर एवं आवश्यक सहयोग मिलने के कारण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है।

वर्तमान स्थिति में सर्किल 05 में 8 में से 5 एचएलबी में भवन नंबरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष में कार्य प्रगति पर है। लगभग 80 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। विशेष बात यह है कि इस पूरे अभियान में प्रगणक, सुपरवाइजर एवं नागरिक—सभी संतुष्ट और उत्साहित हैं।

स्थानीय नागरिकों का सहयोग भी उल्लेखनीय है। जनगणना टीम का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है, उन्हें पानी, शीतल पेय, चाय-नाश्ता आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। यह जनभागीदारी इस अभियान की सफलता का मुख्य आधार बन रही है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**ग्वालियर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। थाना कोतवाली में 2 मई को लश्कर निवासी 25 वर्षीय युवती ने एक शिकायती आवेदन दिया था। युवती के अनुसार, वर्ष 2021 में चावड़ी बाजार में उसकी पहचान दीपक उर्फ सोनू रावत से हुई थी। आरोपी उसे शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब युवती ने विवाह के लिए कहा, तो आरोपी ने टालमटोल करते हुए इनकार कर दिया। इस शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 53/26, धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमन गुर्जर और सीएसपी लश्कर मनीष यादव को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# नए अध्यक्ष की मंत्री से व्यापार मेला के विकास पर चर्चा

## अशोक जादौन ने ऊर्जा मंत्री तोमर से की मुलाकात



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई।** व्यापार मेला प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक जादौन ने रविवार (2 मई 2026) को मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली औपचारिक मुलाकात थी।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जादौन को उनके नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से ग्वालियर व्यापार मेले के विकास, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और आगामी मेले की तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक जादौन ने कहा कि ग्वालियर व्यापार मेले को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने और इसे और अधिक भव्य बनाने के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए भी प्रतिबद्धता जताई।

ऊर्जा मंत्री चर्चा के दौरान ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आश्वस्त किया कि व्यापार मेले के विकास और संचालन में राज्य सरकार की ओर से प्राधिकरण को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय : प्रथमतल, बीएसएनएल बिल्डिंग, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474001, मो. नं. 7880153122
recoveryrogwalior@bankofbaroda.co.in | Web: bankofbaroda.com
ई-नीलामी द्वारा वाहन नीलामी की सूचना

### वाहनों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के नीचे दी गई शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है" एवं " दायित्व रहित के आधार पर" के आधार पर निम्नलिखित वर्णित ऋणीयों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूति लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| उधारकर्ता व जमानतदार का नाम | ईएमडी संग्रह खाता संख्या | बकाया राशि | वाहन का विवरण/रजिस्ट्रेशन नं. | आरक्षित मूल्य रु. / ईएमडी 10% / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| **शाखा: बैंक ऑफ बड़ौदा, हाजी सन्नू मार्केट, ए.बी. रोड़ शिवपुरी, Ph.: 07247-70071, Email: shivmp@bankofbaroda.com** | | | | |
| ऋणी- श्री रविशंकर झा पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद झा<br>A/c No. 24910600005306<br>पता: 1. छोटा लुहारपुरा, आईटीबीपी गेट के सामने शिवपुरी (म.प्र.)-473551<br>पता: 2. ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया पुरानी छावनी ए.बी. रोड़, शिवपुरी जिला शिवपुरी (म.प्र.)-473551 | New Intermediatery Account 24910015181219<br>IFSC Code BARB0SHIVMP | रु. 25,50,856.63/- + ब्याज एवं शुल्क | Ashok Leyland<br>MFG Year 2024, Goods Carrier<br>RJ11GD0846<br>Engine No. RKPZ117112<br>Chasis No: MB1A5HCDXRAKS1950 | Rs. 25,03,000/-<br>2,50,300/-<br>5000/- |

ईएमडी एवं KYC दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक: 27.05.2026, ई-नीलामी दिनांक 28.05.2026 दोपहर 2.00 से 6.00 बजे तक विस्तृत नियम एवं शर्ते हमारे सर्विस प्रोवाइडर की वेबसाइट https://bob.auctiontiger.net/ में उपलब्ध हैं

स्थान: ग्वालियर | दिनांक: 02/05/2026 | प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा